हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 22 मई, 2020 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 22 मई, 2020 को **अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस** मनाया गया। इस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण ऑनलाइन **'गूगल मीट' (Google Meet)** के माध्यम से यह दिवस मनाया गया, जिसमें संस्थान के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा शोधार्थियों ने ऑनलाइन भाग लिया।

डॉ. एस . एस . सामंत निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने **"अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस, 2020"** के थीम **"प्रकृति में ही हमारा समाधान"** (Our solutions are in nature) पर पावर पाइंट प्रस्तुति द्वारा जैवविविधता का स्तर, मूल्य, पारिस्थिकी तंत्र सेवाएँ, जैवविविधता के ह्रास के कारण, जलवायु परिवर्तन का जैवविविधता पर असर, सतत उपयोग एवं सरंक्षण विशेषकर हिमालयी क्षेत्रों की जैवविविधता के सरंक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. सामंत ने बताया कि कोरोना जैसी बीमारी का समाधान भी जैवविविधता के घटकों से संभव है। विशेष रूप से जड़ी बूटियों व जंगली खाद्य पदार्थ इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ

Ecosystem
HFRI

Global Biodiversity: Flora


Diversity of Vegetation

****